अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2015
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** चाणक्य द्वारा लिखित 'अर्थशास्त्र' में वर्णन है, तत्कालीन— **(1)**

(A) सामाजिक स्थिति का (B) राजनीतिक स्थिति का
(C) धार्मिक स्थिति का (D) सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा आर्थिक स्थितियों का

**2.** आदिमानव अपनी रक्षा के लिए जिन औजारों का प्रयोग करते थे, वे बने थे— **(1)**

(A) लोहे के (B) ताँबे के
(C) पत्थर के (D) लकड़ी के

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा सामाजिक अध्ययन के अन्तर्गत नहीं आता है— **(1)**

(A) इतिहास (B) रसायनशास्त्र
(C) नागरिकशास्त्र (D) भूगोल

**4.** 'हड़प्पा' नामक स्थल किस प्रान्त से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) बिहार से (B) उत्तर प्रदेश से
(C) पंजाब से (D) हरियाणा से

**5.** मोहनजोदड़ो से प्राप्त 'नर्तकी' की मूर्ति किस धातु की बनी थी— **(1)**

(A) काँसे की (B) ताँबे की
(C) लोहे की (D) सोने की

**6.** 'मेसोपोटामिया' किस देश से सम्बन्धित है— **(1)**

(A) ईरान (B) इराक
(C) तेहरान (D) पाकिस्तान

**7.** 'पिता' शब्द हिन्दी का है, इसका फारसी शब्द है— **(1)**

(A) पाटर (B) फादर
(C) पिदर (D) पितृ

**8.** वैदिककाल में एक ही वंश के सभी लोगों को कहते हैं— **(1)**

(A) वंशज (B) परिवार
(C) भीड़ (D) जन

**9.** 'ग्रह' को अंग्रेजी भाषा में कहते हैं— **(1)**

(A) Plant (B) Planet
(C) Paint (D) Plan

**10.** हमारे सौरमण्डल में ग्रहों की कुल संख्या है— **(1)**

(A) नौ (B) आठ
(C) सात (D) छह

**11.** पुच्छल तारे बने होते हैं— **(1)**

(A) चट्टानों के आकाशीय पिण्ड से
(B) बर्फ के आकाशीय पिण्ड से
(C) धूल के आकाशीय पिण्ड से
(D) चट्टानों, बर्फ, धूल और गैस के आकाशीय पिण्ड से

**12.** एक पूर्णिमा से दूसरी पूर्णिमा तक अपनी कलाओं को पूरा करने में चन्द्रमा का लगने वाला समय है— **(1)**

(A) 31 दिन
(B) 30 दिन
(C) 29 दिन, 08 घण्टे
(D) 28 दिन, 23 घण्टे

**13.** 'ग्लोब' प्रतिरूप होता है— **(1)**

(A) पृथ्वी का
(B) सूर्य का
(C) चन्द्रमा का
(D) तारा का

**14.** गाँवों में सार्वजनिक सुविधाओं का प्रबन्ध करने की व्यवस्था होती है— **(1)**

(A) स्वशासन द्वारा
(B) जिला प्रशासन द्वारा
(C) विकास खण्ड शासन द्वारा
(D) तहसील शासन द्वारा

**15.** यदि किसी ग्राम सभा की कुल जनसंख्या तीन हजार है तो उसकी ग्राम पंचायत की सदस्य संख्या होगी— **(1)**

(A) नौ
(B) ग्यारह
(C) तेरह
(D) पन्द्रह

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** पुरातात्विक स्रोतों के दो नाम लिखिए। **(1)**

**17.** 'महाभारत' के लेखक कौन हैं? **(1)**

**18.** फाह्यान किस वंश के शासनकाल में भारत आये? **(1)**

**19.** 'आग' की खोज किस प्रकार से की गयी? **(1)**

**20.** 'कांसा' धातु किन धातुओं से मिलकर बनी है? **(1)**

**21.** वर्ण व्यवस्था के अन्तर्गत किन लोगों को क्षत्रिय कहा जाता था? **(1)**

**22.** 'तारा' किसे कहते हैं? **(1)**

**23.** 'परिभ्रमण' का अर्थ लिखिए। **(1)**

**24.** सूर्य से वरुण की दूरी कितने करोड़ किमी है? **(1)**

**25.** दीवार पर टँगे हुए मानचित्र में ऊपर और नीचे की दिशाओं के नाम लिखिए। **(1)**

**26.** मानचित्र में नदी और कुआँ को दर्शाने वाले प्रतीकों को बनाइए। **(1)**

**27.** भूमध्य रेखा किसे कहते हैं? **(1)**

**28.** नगर पंचायत कितने वर्षों के लिए नियुक्त होती है? **(1)**

**29.** नगर निगम के अध्यक्ष का पदनाम क्या है? **(1)**

**30.** यातायात के अन्तर्गत बाएँ मुड़ने का संकेत बनाइए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** पाषाण काल को कितने भागों में बाँटा गया है? लिखिए। **(2)**

**32.** सिन्धु घाटी के शहरों की दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**33.** 'सप्त सैन्धव' की किन्हीं दो नदियों के नाम लिखिए। **(2)**

**34.** चारों वेदों के नाम लिखिए। **(2)**

**35.** किसका नाम आकाशगंगा है? **(2)**

**36.** अन्तरिक्ष में पहुँचने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा ने कब और किस अन्तरिक्ष यान से यात्रा की थी? **(2)**

**37.** चन्द्रग्रहण की स्थिति कब होती है? **(2)**

**38.** पंचायत व्यवस्था के कार्य करने के तीन स्तर कौन-से हैं? **(2)**

**39.** ग्राम पंचायत का महत्त्व बताइए। **(2)**

**40.** यातायात के दो नियम लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2015

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN